समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# गुवाहाटी टेस्ट से पहले शुभमन गिल टीम से हुए रिलीज़, दूसरे टेस्ट से बाहर ; BCCI ने दी बड़ी अपडेट, पंत करेगें कप्तानी

Sanket Morankar
Published on 21 Nov 2025



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ का दूसरा और निर्णायक मुकाबला शुरू होने से महज 24 घंटे पहले भारतीय क्रिकेट टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान **शुभमन गिल**, जो कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट (neck spasm) की वजह से रिटायर्ड हर्ट हुए थे, को **BCCI ने टीम से रिलीज़ कर दिया है**।

इसके साथ ही गिल अब **मुंबई जाएंगे**, जहाँ उनका मेडिकल मूल्यांकन किया जाएगा। जबकि गुवाहाटी में होने वाले इस महत्वपूर्ण मुकाबले में **ऋषभ पंत भारतीय टीम की कमान संभालेगें**।

गिल का बाहर होना टीम के लिए भावनात्मक और रणनीतिक, दोनों स्तरों पर बड़ा झटका है, क्योंकि भारत पहले टेस्ट में 30 रन से हार चुका है और सीरीज़ में 0–1 से पीछे है।

पहले टेस्ट के दूसरे दिन, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के बाद शुभमन गिल ने अचानक अपनी गर्दन के पीछे हाथ रखा और दर्द से कराहते हुए दिखाई दिए।
फिजियो मैदान पर आए, लेकिन राहत न मिलने के कारण गिल **रिटायर्ड हर्ट** होकर वापस लौट गए।

बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हालांकि अगले दिन उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन वे **दूसरी पारी मे बंल्लेबाज़ी करने उतरे ही नहीं**, और भारत यह मैच हार गया।

शुक्रवार को BCCI ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा:

> “गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लगी थी और उन्हें अस्पताल में जांच के लिए ले जाया गया था। उन्हें अगले दिन डिस्चार्ज कर दिया गया, और 19 नवंबर को वे गुवाहाटी पहुंचे। लेकिन वह दूसरे टेस्ट के

> लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। इसलिए वे आगे की जांच के लिए मुंबई जाएंगे।"

इस बयान से स्पष्ट होता है कि मेडिकल टीम ने कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।

भारत के स्टैंड-इन कप्तान **ऋषभ पंत** ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शुभमन गिल मैच खेलना चाहते थे।

पंत के शब्दों में:

> "शुभमन ठीक हैं और बेहतर हो रहे हैं। वे मैच खेलना चाहते थे, लेकिन उनका शरीर इजाज़त नहीं दे रहा था। उनके अंदर अद्भुत जज़्बा है। उन्होंने टीम के लिए अब तक बहुत त्याग किए हैं।"

उन्होंने कहा कि टीम लगभग तय कर चुकी है कि गिल की जगह कौन खेलेगा।

शुभमन गिल गुवाहाटी पहुंचे थे, जहाँ वे टीम से अलग वाहन में यात्रा करके आए — ताकि गर्दन पर दबाव न पड़े।
भारत के बल्लेबाज़ी कोच सिटांशु कोटक ने गुरुवार को कहा था कि निर्णय बाद में लिया जाएगा।

शुक्रवार को मेडिकल जांच होने के बाद यह पुष्टि हुई कि वे **दूसरे टेस्ट के लिए फिट नहीं है**।

गिल के बाहर होने से भारतीय बल्लेबाज़ी क्रम पर बड़ा असर पड़ेगा।
अब उनके स्थान पर संभवतः **साई सुधर्शन** या **देवदत्त पडिक्कल** को मौका मिल सकता है।

इसके साथ ही ध्रुव जुरेल को नंबर 4 पर बैटिंग का मौका दिया जा सकता है।

दूसरी ओर, ऑल-राउंडर **नितिश कुमार रेड्डी**, जिन्हें पहले टेस्ट से पहले रिलीज़ किया गया था, अब गुवाहाटी में टीम से जुड़ चुके हैं।

शुभमन गिल पिछले कई महीनों से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं।
**फरवरी मे Champions Trophy से लेकर अब तक** वे किसी भी फ़ॉर्मेट से बाहर नहीं रहे।
कप्तानी की जिम्मेदारियां, लगातार यात्रा और मैचों का दबाव — इन सबने उनकी थकान और चोट का जोखिम बढ़ा दिया।

बोर्ड अब यह सुनिश्चित करना चाहता है कि वे 100% फिट होकर ही अगले मैच में मैदान पर उतरें।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की ODI सीरीज़ **30 नवंबर से रांची** में शुरू होगी।
गिल उसके लिए उपलब्ध होंगे या नहीं — इसका निर्णय मुंबई में होने वाली मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही लिया जाएगा।

अगर उनकी रिकवरी में समय लगता है तो वे ODI सीरीज़ के शुरुआती मुकाबलों से भी बाहर हो सकते हैं।

भारत पहले मैच में हार चुका है, ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट टीम के लिए **करो या मरो** जैसा है।
कप्तान बदलना, ओपनिंग बल्लेबाज़ का बाहर होना और मध्यक्रम में बदलाव — यह सब टीम की रणनीति को प्रभावित करेगा।

इसलिए अब सभी की नज़रें ऋषभ पंत की कप्तानी और भारतीय बल्लेबाज़ी के प्रदर्शन पर टिकेंगी।

शुभमन गिल का दूसरे टेस्ट से बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है, लेकिन उनकी सेहत को प्राथमिकता देना सही कदम है।
टीम अब ऋषभ पंत की कप्तानी में सीरीज़ को बराबर करने उतरेगी।

गिल की रिकवरी आने वाले हफ्तों में भारतीय टीम के लिए अहम साबित होगी — खासकर ODI सीरीज़ और आगामी बड़े टूर्नामेंट को देखते हुए।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.